# नव भारत

राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से







# अजित पवार की प्लेन क्रैश में मौत

## अंतिम संस्कार आज : गृहमंत्री अमित शाह अंत्येष्टि में होंगे शामिल, 5 लोग थे सवार



**मुंबई, 28 जनवरी. महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार का निधन हो गया है. बुधवार सुबह 8.45 बजे बारामती एयरपोर्ट पर लैंडिंग के दौरान उनका चार्टर्ड प्लेन क्रैश हो गया. वे 66 साल के थे. हादसे में पवार के सुरक्षाकर्मी, दो पायलट और एक महिला क्रूमेंबर समेत 5 लोगों की जान गई. पवार मुंबई से सुबह 8.10 बजे रवाना हुए थे. वे 5 फरवरी को पुणे में होने वाले जिला परिषद चुनावों के लिए चार रैलियों को संबोधित करने वाले थे.**




केंद्रीय एविएशन मिनिस्टर राम मोहन नायडू ने बताया कि पायलट ने बारामती एयरपोर्ट पर लैंडिंग की कोशिश की थी, लेकिन रनवे साफ दिखाई नहीं दिया तो वह प्लेन को दोबारा ऊंचाई पर ले जाया गया. पहली कोशिश नाकाम रहने के बाद बारामती के रनवे-11 पर दोबारा लैंडिंग की कोशिश की गई. इस दौरान विमान रनवे से पहले ही गिर गया और उसमें आग लग गई. इस दौरान पायलट ने कोई इमरजेंसी सिग्नल नहीं दिया था. उसने 'मेडे' कॉल भी नहीं किया था.

सूचना मिलने पर महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस बारामती पहुंचे उन्होंने स्कूलों की छुट्टी और 3 दिन के राजकीय शोक की घोषणा की. पवार का अंतिम संस्कार बारामती में गुरुवार सुबह 11 बजे किया जाएगा. अजित के चाचा शरद पवार, पत्नी सुनेत्रा, दोनों बेटे और बहन सुप्रिया सुले भी बारामती पहुंच गई हैं.

**एएआईबी ने हादसे की जांच की शुरू :** इधर, एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो, यानी एएआईबी ने हादसे की जांच शुरू कर दी है. जांच एजेंसी की एक टीम दिल्ली में विमान की ऑपरेटर कंपनी वीएसआर वेंचर्स के ऑफिस पहुंची है. दूसरी टीम बारामती रवाना हो गई है. इस बीच वीएसआर वेंचर्स ने कहा है कि पायलट को 16 हजार घंटे का फ्लाइंग एक्सपीरियंस था. विमान की को-पायलट के पास 1500 घंटे का एक्सपीरियंस था. कंपनी ने दावा किया कि एयरक्राफ्ट में कोई तकनीकी खामी नहीं थी. अजित पवार की पार्टी एनसीपी भाजपा-शिवसेना महाराष्ट्र की गठबंधन सरकार में शामिल है.

### इधर, जयपुर में एयर इंडिया की फ्लाइट की लैंडिंग फेल

जयपुर के इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर बुधवार को एक बड़ा हवाई हादसा होते-होते टल गया है. दिल्ली से जयपुर पहुंची एयर इंडिया की फ्लाइट लैंडिंग के दौरान अचानक दिक्कत आने लगी, जिससे यात्रियों में दहशत फैल गई. बताया जा रहा है कि दोपहर 1.05 बजे पायलट ने जब पहली बार लैंडिंग की कोशिश की, तो विमान के पहियों ने रनवे को टच किया, लेकिन 'सैंडिंग अप्रोच' में असंतुलन की वजह से पायलट ने तुरंत टेक-ऑफ करने का फैसला किया. विमान के अचानक रनवे छूकर वापस उड़ान भरने से विमान में सवार यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई. करीब 10 मिनट तक आसमान में चक्कर काटने के बाद पायलट ने दूसरे प्रयास में विमान की सफल और सुरक्षित लैंडिंग कराई. इस तरह पायलट की सूझबूझ से एक बड़ा हादसा होने से टल गया.

### पीएम मोदी ने किया शोक व्यक्त

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा, अजित पवार लोगों के नेता थे. महाराष्ट्र के लोगों की सेवा में सबसे आगे रहने वाले एक मेहनती व्यक्तित्व के तौर पर उनका बहुत सम्मान किया जाता था. प्रशासनिक मामलों की उनकी समझ और गरीबों और वंचितों को सशक्त बनाने का उनका जुनून भी काबिले तारीफ था.

# ग्वालियर की पायलट शांभवी पाठक चला रही थीं विमान

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर. महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजीत पवार आज जिस विमान हादसे के शिकार हुए, उस विमान को ग्वालियर की रहने वालीं अनुभवी पायलट शांभवी पाठक चला रही थीं, उनका जन्म ग्वालियर में हुआ, वर्तमान में उनके ग्वालियर के घर में उनकी दादी अकेली रहती हैं.**



शांभवी का ग्वालियर में निवास शहर की पॉश कॉलोनी डी61, बसंत विहार में है. यहां अब उसकी दादी एवं एक अटेंडेंट ही रहते हैं. शांभवी के माता-पिता दिल्ली में निवास करते हैं. पिता दिल्ली में वायुसेना में ही पदस्थ रहे हैं. खास बात यह कि शांभवी के बाबा भी वायुसेना में थे. पायलट शांभवी ने मुंबई एयरपोर्ट से सुबह 06.36 बजे ग्वालियर में अपनी दादी को वाट्सएप पर आखिरी बार मैसेज कर लिखा था गुड मॉर्निंग दद्दा. इसी के बाद सुबह 8.46 बजे प्लेन क्रैश हो गया. ग्वालियर में शांभवी पाठक के घर पर गम का माहौल है. उनके घर पर पड़ोसी जुटे हुए हैं. सभी शांभवी से जुड़ी यादें ताजा कर भावुक हो रहे हैं.

### शांभवी अगस्त में आई थीं ग्वालियर

दादी मीरा पाठक ने बताया कि वह ग्वालियर के कमलाराजा अस्पताल में जन्मी थी और यहीं एयर फोर्स स्कूल में पढ़ाई लिखाई हुई और उसके बाद वह दिल्ली चली गई. अगस्त के महीने में शांभवी ग्वालियर आई थी. शांभवी के बारे में दादी ने बताया कि वह बेहद हंसमुख थी और हमेशा मुझसे बात करती रहती थी. शांभवी के निधन की सूचना मिलते ही उनके पड़ोसी सुबह ही उनकी दादी के पास हिम्मत बंधाने पहुंच गए. पड़ोसी महिलाओं ने बताया कि वह बहुत चंचल स्वभाव की थी और वह जब ग्वालियर आती थी तो उनसे मिलना जुलना होता था और खूब बातें करती थी. आज उसकी निधन की सूचना मिलने से पूरे बसंत विहार क्षेत्र में गम का माहौल है.

## एक नजर में



### 484 बहुद्देशीय शिविरों से 3.89 लाख लाभान्वित

**देहरादून.** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में 484 शिविरों का आयोजन किया जा चुका है, जिनके माध्यम से कुल 3 लाख 89 हजार 868 व्यक्तियों को प्रत्यक्ष रूप से सेवाओं का लाभ प्रदान किया गया है। राज्य सरकार द्वारा जन कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए चलाए जा रहे जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित विशेष बहुद्देशीय शिविरों (कैम्प) को जनता का व्यापक समर्थन मिल रहा है। राज्य सरकार की प्रभावी कार्ययोजना और प्रशासनिक सक्रियता का ही परिणाम है कि बड़ी संख्या में आम नागरिक इन कैम्पों के माध्यम से लाभान्वित हो रहे हैं। राज्य में बुधवार को आयोजित कुल 10 कैंप में 12 हजार 510 व्यक्तियों ने सहभागिता की.

### प्रकाशचंद को 4 दिन की रिमांड, रवि फरार


**जयपुर.** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के जयपुर जोनल ऑफिस ने को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत मेसर्स डिजी मुद्रा कनेक्ट प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर प्रकाश चंद जैन को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के बाद उन्हें पीएमएलए स्पेशल कोर्ट, जयपुर के समक्ष पेश किया गया, जहां कोर्ट ने आगे की जांच के लिए ईडी को 4 दिनों की रिमांड दी। ईडी की जांच मध्य प्रदेश के भोपाल एसटीएफ और राजस्थान, हरियाणा, ओडिशा तथा महाराष्ट्र के विभिन्न पुलिस स्टेशनों में प्रकाश चंद जैन, रवि जैन और अन्य के खिलाफ दर्ज कई एफआईआर पर आधारित है। जांच में सामने आया कि आरोपी व्यक्तियों ने मिलकर माई विक्ट्री क्लब नामक ऐप/प्लेटफॉर्म के माध्यम से लोगों को बहुत ज्यादा रिटर्न का लालच देकर निवेश के नाम पर धोखाधड़ी की।

## सेवानिवृत्त न्यायाधीश कांचीपुरम मंदिर संप्रदाय के मध्यस्थ नियुक्त

**नई दिल्ली, 28 जनवरी (वार्ता)** उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को मद्रास उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजय किशन कौल को मंदिर में चल रहे विवाद को आपसी सहमति से सुलझाने में मदद करने के लिए मध्यस्थ नियुक्त किया है। तमिलनाडु के कांचीपुरम में श्री देवराज स्वामी मंदिर में पूजा के दौरान मंत्र पाठ और प्रबंध को लेकर थेंगलई (दक्षिणी संप्रदाय) और वडगलई (उत्तरी संप्रदाय) वैष्णव समुदायों के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा है. न्यायमूर्ति कौल 2023 में उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में सेवानिवृत्त हुए थे।

# फरवरी में भारत आएंगे ब्राजील के राष्ट्रपति लूला

**ब्रासीलिया, 28 जनवरी. ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा ने पुष्टि की है कि वह फरवरी में आधिकारिक दौरे पर भारत आएंगे. भारत यात्रा के बाद वह अमेरिका जाएंगे, जहां अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात करेंगे.**



राष्ट्रपति लूला ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी देते हुए बताया कि उन्होंने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से फोन पर बातचीत की है. दोनों नेताओं के बीच इस बात पर सहमति बनी है कि भारत और दक्षिण कोरिया की यात्राओं के बाद फरवरी में वॉशिंगटन में मुलाकात होगी, जिसकी तारीखें जल्द तय की जाएंगी. भारत यात्रा के दौरान राष्ट्रपति लूला के नई दिल्ली में आयोजित होने वाले आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) शिखर सम्मेलन में भाग लेने की भी संभावना है.

# सभी सांसदों को सदन चलाने में साथ देना होगा

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण से बजट सत्र का आगाज

**नई दिल्ली, 28 जनवरी . राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को बजट सत्र के पहले दिन संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित किया. उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार सच्चे सामाजिक न्याय के लिए समर्पित है तथा 'सबका साथ, सबका विकास' का दृष्टिकोण हर नागरिक के जीवन में बदलाव ला रहा है.**



मुर्मू ने कहा, 'पिछले 10-11 वर्षों में भारत ने हर क्षेत्र में अपनी नींव मजबूत की है. यह वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने के लक्ष्य का मजबूत आधार है.' उन्होंने कहा कि सरकार के तीसरे कार्यकाल में गरीबों को सशक्त बनाने का अभियान तेज हुआ है.

राष्ट्रपति ने इस बात पर जोर दिया कि सरकार सच्चे सामाजिक न्याय के लिए समर्पित है और इसी का नतीजा है कि एक दशक में 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला गया है. मुर्मू ने इस बात का उल्लेख किया कि 2014 तक सिर्फ 25 करोड़ लोगों को ही सामाजिक सुरक्षा का लाभ मिलता था, लेकिन आज 95 करोड़ लोगों को सामाजिक सुरक्षा का कवच मिला है.

अभिभाषण में उन्होंने कहा कि देश ने श्री गुरु तेग बहादुर जी का 350वां शहीदी दिवस मनाया. बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के दौरान, पूरे देश ने उन्हें श्रद्धांजलि दी और आदिवासी समुदाय के लिए उनके योगदान को याद किया.

### राष्ट्रपति का अभिभाषण दूरदर्शी : पीएम

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण को व्यापक और दूरदर्शी बताते हुए कहा है कि इसमें देश की उल्लेखनीय विकास यात्रा के प्रतिबिंब के साथ ही भविष्य के लिए एक स्पष्ट दिशा भी दिखाई देती है. पीएम मोदी ने कहा कि यह आने वाले महीनों में राष्ट्र की विकास यात्रा को दिशा देने वाली नीतिगत प्राथमिकताओं और सामूहिक संकल्प को स्पष्ट करता है. प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्रपति का अभिभाषण व्यापक और दूरदर्शी था.

# शिक्षा से सशक्त हो रहा बच्चों का भविष्य : सीएम

▶ प्रदेश में 369 नए सांदीपनि विद्यालय हो चुके प्रारंभ

**भोपाल, 28 जनवरी. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि बच्चे राष्ट्र की पूंजी हैं. इनका भविष्य संवारना हम सबकी जिम्मेदारी है. बेहतर शिक्षा के लिए मजबूत अधोसंरचनाओं और कुशल मानव प्रबंधन पर हम प्रदेश के बच्चों का भविष्य बेहतर बना रहे हैं.**



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारा मूल संकल्प है कि प्रदेश के स्कूल जाने योग्य हर विद्यार्थी तक गुणवत्तापूर्ण और समावेशी शिक्षा की पहुंच सुनिश्चित हो. इसी संकल्प की पूर्ति के लिए हमने प्रदेश में गुरुकुल शिक्षा पद्धति से प्रेरणा लेकर अत्याधुनिक सुविधाओं से परिपूर्ण सांदीपनि विद्यालयों की शुरुआत की है. अब तक प्रदेश में 369 नए सांदीपनि विद्यालय प्रारंभ हो चुके हैं. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सबको अनिवार्य रूप से शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए शिक्षा का अधिकार अधिनियम लागू है. इस अधिनियम के अंतर्गत हमने अब तक प्रदेश के 8.50 लाख से अधिक विद्यार्थियों की समुचित शिक्षा के लिए सभी स्थायी प्रबंध और पुख्ता शिक्षण व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर दिए हैं.

### ट्रेड डील का फायदा राज्यों को भी मिलेगा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत और यूरोपियन यूनियन के बीच हुए न्यू ट्रेड डील पर प्रसन्नता व्यक्त की है. उन्होंने कहा कि भारत में आयात कम करने और निर्यात बढ़ाने के लिए यूरोपियन यूनियन के साथ यह ट्रेड डील अत्यंत महत्वपूर्ण सिद्ध होगी. इस डील से देशभर में वस्तुएं सस्ती होंगी और राज्यों को भी इसका भरपूर लाभ मिलेगा. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह ट्रेड डील हमारी अर्थव्यवस्था को नई मजबूती देगी.

## जम्मू-कश्मीर में दो पर्यटकों की मौत

**श्रीनगर, 28 जनवरी.** कश्मीर घाटी में बुधवार को हुई अलग-अलग घटनाओं में दो पर्यटकों की मौत हो गई. अधिकारियों के अनुसार, श्रीनगर के अस्पतालों में बुधवार को दो पुरुष पर्यटकों को मृत अवस्था में लाया गया। डल झील के पास स्थित एक होटल से एक पर्यटक को बेहोशी की हालत में श्रीनगर के एसएमएचएस अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान उत्तर प्रदेश निवासी तरनजीत सिंह के रूप में हुई है।

# सुप्रीम कोर्ट का केंद्र, ईसी और यूजीसी को नोटिस

**नई दिल्ली, 28 जनवरी. सुप्रीम कोर्ट ने पढ़ाई के लिए अपने घर से दूर रह रहे छात्रों को मतदान की सुविधा देने की मांग वाली याचिका पर केंद्र सरकार, निर्वाचन आयोग और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) को नोटिस जारी किया है.**

याचिका में ऐसे छात्रों के लिए पोस्टल बैलेट की सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की गई है. इसके अलावा, याचिका में यह भी अनुरोध किया गया है कि मतदान के दिन छात्रों को अवकाश दिया जाए, ताकि वे अपने घर जाकर वोट डाल सकें.

बता दें कि अपने गृह निर्वाचन क्षेत्रों से बाहर उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे छात्रों के मताधिकार को लेकर उच्चतम न्यायालय में एक जनहित याचिका दायर की गई है. याचिका में इस बात पर जोर दिया गया है कि आजादी के लगभग 77 साल बाद भी पात्र छात्र मतदाताओं का एक बड़ा वर्ग प्रभावी रूप से चुनावी प्रक्रिया से बाहर है.




कर्मचारियों के विपरीत छात्रों के पास ऐसा कोई संस्थागत तंत्र नहीं है, जो उन्हें मत देने के लिए अपने निर्वाचन क्षेत्रों में वापस जाने में सक्षम बनाए. शैक्षणिक कार्यक्रम, परीक्षाएं, यात्रा की लागत और अन्य व्यावहारिक बाधाएं उनकी चुनाव में भागीदारी को और अधिक सीमित कर देती हैं. याचिका में यह भी बताया गया है कि छात्रों को पोस्टल बैलेट या किसी वैकल्पिक मतदान तंत्र के माध्यम से मत देने की अनुमति नहीं है.

### यूजीसी नियम पर सुनवाई को सुप्रीम कोर्ट की मंजूरी

**नई दिल्ली.** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के हाल ही में अधिसूचित एक नियम को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई के लिए सहमति व्यक्त की है. इस याचिका में कहा गया है कि इसमें जाति-आधारित भेदभाव की गैर-समावेशी परिभाषा अपनाई गई है और कुछ श्रेणियों को संस्थागत संरक्षण से बाहर रखा गया है. चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची की पीठ ने याचिका पर तत्काल सुनवाई की मांग करने वाले वकील की दलीलों पर ध्यान दिया. चीफ जस्टिस ने कहा, हमें पता है कि क्या हो रहा है. सुनिश्चित करें कि खामियों को दूर किया जाए.

राष्ट्रीयता की लहर ▶ नेशनल कैडेट कोर की रैली का आयोजन

# एनसीसी राष्ट्र निर्माण की मजबूत नींव : मोदी



**नई दिल्ली, 28 जनवरी. दिल्ली कैंटोनमेंट के करियप्पा परेड ग्राउंड में नेशनल कैडेट कोर की रैली का आयोजन किया गया. रैली की थीम 'राष्ट्र प्रथम कर्तव्य निष्ठ युवा' रही. कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मुख्य रूप से मौजूद रहे.**

इस अवसर पर पीएम मोदी ने एनसीसी में लड़कियों की संख्या बढ़ने पर खुशी जाहिर की. उन्होंने कहा- इस बार भी बड़ी संख्या में लड़कियों ने शिविर में हिस्सा लिया. मैं खासतौर पर उन्हें बधाई देता हूं. उन्होंने कहा कि कुछ सालों में एनसीसी कैडेट्स की संख्या 14 लाख से बढ़कर 20 लाख हो गई. खासकर बॉर्डर-तटीय इलाकों में काफी बढ़ोतरी हुई है. पीएम ने कार्यक्रम में महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार के निधन पर दुख जताया. पीएम ने अपने संबोधन में कहा एनसीसी राष्ट्र निर्माण की मजबूत नींव है. आप सभी अपनी भूमिका को सशक्त कर रहे हैं. एनसीसी युवाओं का मंच है. इस मंच पर अपनी विरासत को गौरव के साथ जिया जा रहै. इस साल वंदे मातरम् के 150 साल होने का उत्सव एनसीसी ने पूरे जोश से मनाया है. देश के कोने कोने में कार्यक्रम किए. पीएम ने कहा कि सरकार की कोशिश है युवाओं को ज्यादा से ज्यादा लाभ मिले. पीएम ने कहा कि भारत के युवाओं के लिए 27 देशों में नए अवसर खुल रहे हैं.

एनसीसी की यह रैली महीने भर चले एनसीसी गणतंत्र दिवस शिविर 2026 के समापन का प्रतीक है, जिसमें देशभर से 2,406 एनसीसी कैडेट्स ने भाग लिया. इनमें 898 बालिका कैडेट्स शामिल रहीं. इसके अलावा भूटान, श्रीलंका, ब्राजील, नेपाल और मलेशिया समेत 20 से अधिक मित्र देशों से 200 से ज्यादा कैडेट्स और अधिकारियों ने शिविर में हिस्सा लिया.